हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 21 मार्च 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 फतेहपुर के किसानों ने देखा कृषि मॉडल, अंजोला के बारे में प्राप्त की जानकारी



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 24 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में टैंगो सिक्युरिटी सर्विसेस प्रा.लि. रायपुर द्वारा सुरक्षा गार्ड के 60 एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के 05 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा गार्ड के लिए 10वीं एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए 12वीं शैक्षणिक योग्यता निर्धारित की गई है। चयनित उम्मीदवारों का कार्यक्षेत्र रायगढ़ एवं खरसिया रहेगा। सुरक्षा गार्ड के लिए वेतनमान 14500 रुपए से 18 हजार रुपए एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए 18 हजार रुपए से 20 हजार रुपए निर्धारित की गई है। प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाले इच्छुक आवेदक अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ स्वयं उपस्थित होकर कैंप में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय जांजगीर चांपा से भी संपर्क किया जा सकता है।

### उत्कर्ष योजना : कक्षा 6वीं में प्रवेश चयन परीक्षा 30 को

**जांजगीर-चांपा।** पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में कक्षा 6वीं में प्रवेश परीक्षा हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 30 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे से 2बजे तक स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय क्रमांक 1 जांजगीर में आयोजित किया गया है। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास जांजगीर-चांपा, सक्ती जिले से प्राप्त आवेदन पत्रों का परीक्षण उपरांत पात्र विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र का वितरण 24 मार्च से 28 मार्च तक कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास में किया जाएगा। संबंधित विद्यार्थियों को फोटो युक्त पहचान पत्र के साथ परीक्षा में उपस्थिति होना अनिवार्य है।

### रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा 23 को

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जांजगीर चांपा की स्थापना में सामान्य स्थापना के अंतर्गत सहायक ग्रेड-3 एवं लिपिक क्लर्क (संविदा) कोर्ट मैनेजर स्टाफ के रिक्त पदों हेतु 23 मार्च को लिखित परीक्षा आयोजित किया गया है। इसके संबंध में सामान्य अनुदेश तथा पात्र अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र जारी कर कार्यालय के वेबसाईट पर परीक्षा केन्द्र के अनुसार अपलोड किया गया है।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के सहदेव यादव और पड़ोस में रहने वाली युवती से परिचय है। इस बीच युवक द्वारा शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। पीड़िता द्वारा लगातार शादी करने के लिए बोलती रही लेकिन आरोपी द्वारा टाल मटोल करता रहा, कि रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना नवागढ़ में धारा 376(2)(एन)366 ए आईपीसी 4,6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उच्चाधिकारियों के निर्देशन में आरोपी को पकड़ा गया। जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पीड़िता को शादी करने का झांसा देकर दैहिक शोषण करना, जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, प्रधान आरक्षक मथुरा प्रसाद, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर का योगदान रहा।

## तंगहाली में दिन गुजार रहे मनरेगा के 350 अधिकारी-कर्मचारी

# हर हाथ को काम देने वालों को वेतन के लाले, 3 माह से नहीं हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हर हाथ को काम देने केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर चलाई जा रही राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का क्रियान्वयन करने वाला अमला खुद तंगहाली में दिन गुजार रहा है। दरअसल जिले में मनरेगा के साढ़े 3 सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को बीते 3 माह से वेतन नहीं मिला है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत 350 से अधिक अधिकारी कर्मचारी पदस्थ है। जो ग्रामीण क्षेत्रो में पंजीकृत मनरेगा मजदूरो को ग्रामीण स्तर पर काम दिलाने का कार्य करते है। वही अप्रैल से लेकर जून महीने तक बडे पैमाने रोजगार गारंटी का कार्य भी ग्रामिण क्षेत्रो में चलता है। इन ग्रामीण मजदुरो को काम दिलाने एवं कार्य कराने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी विगत 3 महीने से वेतन की समस्या से जुझ रहे है। जिसके चलते उन्हें घर परिवार चलाने में काफी परेशानी उठानी पड रही है। इस समस्या को लेकर मनरेगा कर्मचारी उच्च अधिकारियो को अवगत करा चुके है। इसके बावजूद समस्या थमने का नाम तक नही ले रहा है। मनरेगा विभाग के अंतर्गत मनरेगा प्रभारी, प्रोग्रामर, तकनीकी सहायक, कम्प्यूटर आपरेटर, ग्रामीण क्षेत्रों मे रोजगार सहायक सहित अन्य विभिन्न पदो पर अधिकारी कर्मचारी कार्यरत है, जो ग्रामीण क्षेत्रो मे रोजगार गारंटी के कार्य से लेकर जनपद एवं जिला स्तर पर कार्यो का संपादन एवं देखरेख करते आ रहे है।




### अप्रैल महीने से शुरू होगा मनरेगा कार्य

जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर कुल 336 ग्राम पंचायते है। इन ग्राम पंचायतो में वित्तिय वर्ष के हिसाब से अप्रैल महीने मनरेगा कार्य की शुरूआत की जाएगी। ज्यादातर ग्राम पंचायतो में अभी वर्तमान सरपंच को गांव का प्रभार नही मिल पाया है। वही बजट के अनुसार अप्रैल माह से ही मनरेगा कार्य शुरूआत की उम्मीद जताई जा रही है।

### 2 लाख 70 हजार मनरेगा मजदूर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले मजदूर लोगों को ग्राम पंचायत स्तर पर ही काम दिलाया जाना है। जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लॉक को मिलाकर करीब 1 लाख 30 हजार लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए गए हैं, उनके अंतर्गत करीब 2 लाख 70 हजार मनरेगा मजदूर विभाग द्वारा पंजीकृत किए गए हैं। जिन्हें ग्रामीण स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाना है। गर्मी के दिनों में मनरेगा के तहत तालाब गहरीकरण नहर मरम्मत पौधारोपण सहित अन्य कार्य मजदूरों के द्वारा किया जाता है। साथ ही उनकी उपस्थिति भी प्रत्येक दिन के हिसाब से मनरेगा के रजिस्टर में दर्ज करनी रहती है, ताकि समय पर उन्हें राशि मिल सके लेकिन कई बार समय पर राशि नहीं मिल पाने के चलते मनरेगा मजदूरों को काफी परेशानी भी करनी पड़ती है। इस तरह की समस्या हर साल बनी रहती है। गर्मी के दिनों में ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोग अपने घरों में खाली बैठे रहने के बजाय मनरेगा के माध्यम से मजदूरी करते हैं, ताकि काम करने के बदले मिले राशि का अन्य किसी कार्य में उपयोग किया जा सके लेकिन ऐसा नहीं हो पता समय पर राशि नहीं मिल पाने के चलते मनरेगा मजदूरों को काफी परेशानी भी उठानी पड़ती है। ऊपर से अभी समस्या तो मनरेगा में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की ही बनी हुई है, उन्हें करीब 3 महीने से वेतन नहीं मिल पाया है जिसके चलते उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई पंचायत में मनरेगा का काम समय पर नहीं हो पाने के चलते शान द्वारा मिली राशि ही वापस हो जाती है। जिसका सीधा नुकसान ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को ही उठानी पड़ती है।

#### नही मिला एलाटमेंट

एलाटमेंट नही हो पाने के चलते मनरेगा कर्मचारियों को वेतन नही मिल पाया है। इस बात की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारियो को दी जा चुकी है। वेतन आने पर भुगतान कर दिया जाएगा।

**-गोकुल रावटे,**
सीईओ
जिला पंचायत, जांजगीर चाम्पा

#### कराया गया अवगत

मनरेगा में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियो को 3 महीने से वेतन नही मिला है। जिसके चलते परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर उच्च अधिकारियो को अवगत कराया गया है।

**-गौरव शुक्ला,**
प्रोग्रामर एवं प्रभारी मनरेगा शाखा
जांजगीर चाम्पा

# गुचकुलिया छात्रावास में अधीक्षक प्रधान पाठक व शिक्षकों के दर्शन दुर्लभ

## उपस्थिति पंजी में कई- कई दिनों तक नहीं होते हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नवगठित जिला सक्ती के जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत गुचकुलिया का बालक छात्रावास पूरी तरह से भगवान भरोसे संचालित हो रहा है। यहां प्रभारी अधिकारी और प्रधान से लेकर शिक्षक तक की उपस्थिति नियमित नहीं होती। बताया जाता है कि उपस्थिति पंजी में भी कई कई दिनों के हस्ताक्षर नहीं होते।

जैजैपुर विकासखंड के गुचकुलिया में संचालित अनुसूचित जनजाति बालक छात्रावास में अव्यवस्था की शिकायत कोई नई बात नहीं है। ग्रामीणों के मुताबिक यहां प्रभारी अधीक्षक से लेकर बाकी का स्टाफ अक्सर नदारद रहता है। गत दिवस भी इसी तरह की स्थिति नजर आई। हद तो तब हो गई जब उपस्थिति पंजी में भी स्टाफ के हस्ताक्षर कई हफ्तों तक नहीं हुए थे। ऐसे में ग्रामीणों ने इसकी शिकायत भी विभाग अधिकारियों से की है। शिकायत पर मंडल निरीक्षक संदीप खाण्डे जांच में पहुंचे। बताया जाता है कि इस दौरान भी जिम्मेदार प्रभारी और स्टाफ के लोग नहीं थे।



### स्थानांतरण के बाद भी जमा है कर्मचारी

जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के अंतर्गत संचालित बालक छात्रावास गुचकुलिया के भृत्य को मालखरौदा ब्लाक के अड़भार अनुसूचित बालक छात्रावास में स्थानांतरण कर दिया गया है। स्थानांतरण आदेश 3 जनवरी 2025 को जारी किया गया था। इसके बाद भी उक्त भृत्य गुचकुलिया छात्रावास में ही ड्यूटी कर रहा है। बकायदा उसे वेतन भी गुचकुलिया छात्रावास से ही मिल रहा है। संदीप खांडे मंडल निरीक्षक ने कहा उक्त कर्मी का स्थानांतरण आदेश निरस्त किया जा चुका है। जिसके चलते गुचकुलिया छात्रावास में अपनी सेवा दे रहा है। यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। कि आखिर किन परिस्थितियों में उक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का स्थानांतरण किया गया। ऐसी कौन सी स्थिति निर्मित हो गई की आदेश को महीने भर नहीं बिता वह आदेश निरस्त भी कर दी गई। इधर सरपंच सुष्मा विक्रम चंद्रा का कहना है कि अधीक्षक प्रधान पाठक हमेशा छात्रावास से नदारद रहते हैं। यहां छात्रो की संख्या काफी नगण्य रहती है। छात्रावास में किसी भी प्रकार का नियंत्रण नहीं है।

#### जारी किए हैं नोटिस

शिकायत मिली है। निरीक्षण किया गया है। अव्यवस्था देखी अधीक्षक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

**-संदीप खाडेंकर ,**
मंडल निरीक्षक

#### की जाएगी कार्रवाई

जानकारी मिली है। मामला गंभीर है। इसे संज्ञान में लेकर जांच करती हूं दोषियों को नहीं बक्शा जायेगा।

**- स्वपनिता सिंह,**
अपर आयुक्त

# शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन आंदोलन पर, कामकाज प्रभावित



धरने पर बैठे पंचायत सचिव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिश्चितकालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। वही पीएम आवास सर्वे का कार्य भी हडताल के चलते शुरू नही हो सका है। ऐसे में ग्रामीणों को पीएम आवास सर्वे में नाम जुडवाने के लिए मशक्कत करनी पड रही है।

**खास बात**

- पीएम आवास सर्वे, दस्तावेज में हस्ताक्षर सहित अन्य कार्य हो रहा प्रभावित

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर कुल 336 ग्राम पंचायते है। वही 400 सौ से अधिक गांव भी आते है। इन दिनो ग्राम पंचायतो में पदस्थ पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते ग्राम पंचायतो में कामकाज ठप्प पड गया है। ऊपर से केन्द्र एवं राज्य सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओ में से एक पीएम आवास योजना के तहत ग्रामिण क्षेत्रो में सर्वे करके ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे आवास का लाभ नही मिल पाया है। उन्हें पात्रता के अनुसार सर्वे करके लाभ भी दिया जाना है। लेकिन ऐसा नही हो पा रहा है। पंचायत सचिव मंगलवार 18 मार्च से अनिश्चित कालिन आंदोलन पर चले गए है। जिसके चलते ग्राम पंचायतो में लोगो को मिलने वाली कई तरह की योजनाओ के लाभ से प्रभावित हो रहे है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्राम पंचायतो में अलग अलग दिनो के अनुसार पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहीत अन्य कर्मचारियो के माध्यम से अलग अलग दिन वार्डो की जानकारी लेकर ऐसे पात्र ब्यक्ति जिन्हे पीएम आवास योजना का लाभ नही मिल पाया है। उनका नाम पीएम आवास में सर्वे करके जोडा जाना है। वही पंचायत सचिवो के हडताल पर चले जाने के कारण आवास सर्वे कार्य पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। राज्य शासन के पंचायत विभाग से जो आदेश जारी किया गया है। उसके अनुसार पीएम आवास सर्वे कार्य की आईडी पंचायत सचिवो के पास है। वही पंचायतो के सभी प्रमुख दस्तावेज पंचायत सचिव अपने पास ही रखते है। जिसके चलते पीएम आवास सर्वे कार्य ग्राम पंचायतो में शुरू नही हो पा रहा है। इसके अलावा पेंशन, शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत अभिभावको के जरूरी दस्तावेजो में हस्ताक्षर, सरपंचो को प्रभार दिलाने में सहयोग प्रदान करना सहित अन्य कार्य प्रभावित हो रहा है।

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक ओर जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन मालगाड़ी को समपार वाले रास्ते पर खड़ा कर दिया जाता है। इस तरह की समस्या विगत 5 सालों से बनी हुई है, लेकिन रेलवे विभाग का जिम्मेदार आमला समस्या को लेकर गंभीर नहीं है।

### रेलवे फाटक...



**जांजगीर-चांपा।** बिना फाटक बंद किए रेलवे माल गाड़ियों का आवागमन हो रहा है। सीमेंट कॉरपोरेशन आफ इंडिया सीसीआई के लिए बनाया गया यह रेलवे ट्रैक जो कि बहुत दिनों से बंद था, उसे अब के.एस.के महानदी पावर प्लांट अपने कोयल परिवहन के लिए इसको इस्तेमाल कर रही है। दिखाने के लिए फाटक तो लगा दिया गया है। फोटो : हरिभूमि

# पेट्रोल पंप कर्मचारी से लूटपाट मामले में फरार आरोपी पकड़ा गया

रात्रि के समय पेट्रोल पंप कर्मचारी का रास्ता रोककर रुपए से भरा बैग को लूटने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 20 अक्टूबर 2024 की रात्रि करीब 10.30 बजे प्रार्थी बहोरिक राम राठौर बालाजी पेट्रोल पंप का कर्मचारी है। वह पेट्रोल पंप से रुपए से भरे थैले को लेकर जा रहा था। इसी दौरान वह रुपए लेकर नेता जी चौक अपने सेठ के घर छोडने बाइक से जा रहा था। दिपक ट्रेडर्स एवं लालू स्वीट्स के पास अनुप कुमार दाउद उर्फ छोटु द्वारा उसे रोककर थैला में रखे रूपये को लूट कर अपने साथी के साथ स्कूटी में बैठकर भाग गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध धारा 309, 3 (5) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूर्व में 22 अक्टूबर को आरोपी अनुप कुमार दाउद उर्फ छोटू निवासी मिशन कम्पाउंड जांजगीर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। प्रकरण के आरोपी अनीश सिंह पिता यशवंत सिंह उम्र 26 साल निवासी ग्राम अरविंद थाना नवागढ़ घटना दिवस से फरार था। जिसको अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसने बालाजी पेट्रोल पंप कर्मचारी से लूटकर करने का प्लान बनाया और बालाजी पेट्रोल पंप से रोक कर उसके पास रखे रूपये से भरे थैले को स्कूटी में बैठ कर फरार हो गए। पुलिस ने 20 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## जांच पर पहुंचे अफसर, कार्रवाई के नाम पर निभा दी औपचारिकता

# सलनी में अवैध रूप से किया जा रहा ईंट भट्ठे का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जैजैपुर ब्लाक के ग्राम पंचायत सलनी में अवैध रूप से ईट भठ्ठे का संचालन किया जा रहा है। इस बात की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई , तब जांच में खनिज विभाग के अफसर तो पहुंचे। उनके द्वारा भी कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभा दी गई।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत सलनी में अवैध ईट के निर्माण को लेकर राजकुमार चन्द्रा ने एसडीम सहित खनिज विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हुए ईट जब्ती के मांग के साथ-साथ व्यवसायिक प्रयोजन से ईठ निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। इसी के तहत खनिज विभाग से जुडे अफसर कार्रवाई को लेकर जांच करने पहुंचे सलनी पहुंचे, तो उनके द्वारा जांच के नाम पर केवल औपचारिकता निभा दी गई। जांच में पहुंचे खनिज विभाग के टीम द्वारा ईट की जब्ती बनाना तो दूर खनिज विभाग की टीम के द्वारा दोषियों को संरक्षण प्रदान करते हुए शिकायतकर्ता को आपस में समझौता करने का नसीहत देने लगे। ग्राम पंचायत सलनी में अवैध ईट के निर्माण को लेकर शिकायतकर्ता राजकुमार चन्द्रा ने एसडीम सहित खनिज विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी। साथ ही ईट जब्ती के मांग के साथ-साथ व्यवसायिक प्रयोजन से ईठ निर्माण करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी। उल्लेखनीय है कि जैजैपुर ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सलनी में गर्मी शुरू होते ही अवैध रूप से ईट भट्ठों का संचालन शुरू कर दिया जाता है। इसके लिए खनिज विभाग से किसी प्रकार की अनुमति नहीं ली जाती। साथ ही साथ बडे पैमाने पर ईंट बनाकर उसे अधिक दामों पर बेचने का काम भी संचालकों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है।



ग्राम सलनी में संचालित हो रहा ईंट भट्ठा।

#### की जाएगी वसूली

ग्राम पंचायत सलनी में अवैध रूप से ईंट भट्ठे संचालन करने की जानकारी मिली है। जिस पर टीम भी जांच के लिए भेजी गई थी। संचालनकर्ताओं से पेनाल्टी वसूल की जाएगी।

**-किशोर कुमार बंजारे,**
खनिज अधिकारी
जिला सक्ती

# रास्ता रोककर शराब पीने के लिए मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

रास्ता रोकर शराब पीने के लिये पैसे की मांग कर व जान से मारने की धमकी देने व मारपीट करने वाले आरोपी को चाम्पा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज भगत निवासी बाधिनपुर थाना पारों जिला मुजफ्फरपुर बिहार हा.मु. कोसमंदा रेल्वे फाटक पास केम्प के द्वारा 20 मार्च की सुबह 10 बजे केम्प से उसके दोस्त निखिल के साथ अपने निवास कोसमंदा बस्ती तरफ जा रहे थे। इस दौरान कोसमंदा रेल्वे फाटक के आगे प्रेम यादव द्वारा रास्ता रोककर प्रार्थी से शराब पीने के लिये 5 सौ रुपए की मांग की। रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी हाथ व मुक्का से मारपीट करने लगा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 119 (1),296,126 (2),351 (3),115 (2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने के उपरांत आरोपी प्रेम यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।



## खबर संक्षेप



### सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी के 10 खिलाड़ी मेरठ में दिखाएंगे दांव पेंच

**कोरबा।** एसोसिएशन आफ इंडियन यूनिवर्सिटी के तत्तवधान में 20 से 24 मार्च तक स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित आल इंडिया यूनिवर्सिटी किकबाक्सिंग प्रतियोगिता हेतु अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के चयनित खिलाड़ी रवाना हुए। खिलाड़ियों की रवानगी के पूर्व विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा द्वारा उन्हें ट्रेकसुट कीट आदि प्रदाय कर प्रोत्साहित किया गया। सभी खिलाड़ियों का चयन डीपी विप्र महाविद्यालय बिलासपुर में आयोजित इंटर कालेज किकबॉक्सिंग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में प्वाइंट फाइटिंग एवं लो किक एवं इवेंट्स में टीम कोच प्रभात साहू, रघुनाथ नायक एवं मैनेजर कुसुम के साथ हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रवाना हुए हैं। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदिवान ने बताया कि आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में टेक्निकल आफिशियल हेतु वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के देश भर के तकनीकी अधिकारी शामिल होंगे। वाको इंडिया किकबॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रतियोगिता ग्लोबल स्पोर्ट्स डाटा तकनीक के माध्यम से डिजिटली सम्पन्न कराई जाएगी।

### निगम के स्वच्छता दूत सोनू हाथी का हुआ अनावरण



**कोरबा।** स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर निगम को फाइव स्टार रेटिंग तक लाने के लिए निगम के अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से जुटे हुए हैं। बुधवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत दो एलईडी रथ रवाना किया गया। जिनके माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। यह पूरे निगम क्षेत्र में घूम घूम कर लोगों को स्वच्छता के लेकर जागरूक करने का प्रयास करेंगे। साथ ही दो स्वच्छता गीत भी जारी किए गए हैं जो सुबह-सुबह कचरा लेने आने वाली गाड़ियों में लगाया जाएगा।

### वेदांता कांट्रैक्टर एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने रश्मि



**कोरबा।** वेदांता कांट्रैक्टर एसोसिएशन का चुनाव कोरबा में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें सभी सदस्यगणों ने श्री रश्मि रंजन कश्यप को एसोसिएशन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना। इस चुनाव में एसोसिएशन के अन्य पदों पर भी चुनाव संपन्न हुए, जिसमें राजकुमार यादव को कार्यकारिणी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रदीप शर्मा, इबेन खान को उपाध्यक्ष, संतोष साहू को सचिव, तारीख कुरैशी एवं मनोज ठाकुर को महामंत्री के रूप में चुना गया। रश्मि रंजन कश्यप के अध्यक्ष बनने से एसोसिएशन के सभी सदस्य उत्साहित हैं और उनका मानना है कि कश्यप के नेतृत्व में एसोसिएशन को नए आयामों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। उनका कहना है कि रश्मि रंजन कश्यप का अनुभव और उनके काम करने का तरीका एसोसिएशन के लिए फायदेमंद साबित होगा। सभी सदस्यगण आशान्वित हैं कि उनकी अध्यक्षता में एसोसिएशन को और भी मजबूती मिलेगी और सामूहिक प्रयासों से एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार बीन,सहित कई अन्य सम्मानित सदस्यगण उपस्थित थे।

### लोक नृत्य की महिलाओं ने दी प्रस्तुति

**कोरबा।** एसईसीएल कोरबा एरिया के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य में महिलाओं ने प्रस्तुति दी। इसकी सराहना एसईसीएल के एरिया अफसरों ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एरिया जीएम (संचालन) आरके गुप्ता ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में हैं। जिस हौसले से अपने कार्यों को निभाती है, वह प्रशंसनीय है। महिलाओं की सकारात्मक भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के अतिथि महाप्रबंधक (ईएंडएम) एस. थीरूकुमारण, क्षेत्रीय प्रबंधक बोर्रा सुंदर व विनोद सिंह ने भी अपने विचार रखे। कविता पाठ में नारी की भूमिका पर रचनाएं पेश की गई। महिलाओं के नृत्य की प्रस्तुति में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों की संस्कृति की झलक दिखाई दी। मीनू सिंह ने लैंगिक समानता और महिलाओं की सकारात्मक भागीदारी पर जोर दिया। प्रोफेसर विभाग शुक्ला ने महिला सम्मान और नारी के बदलते स्वरूप में एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि साथ मिलकर आगे बढ़ने की बात कही। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया गया।

## बढ़ती गर्मी और जंगल में आग से वन विभाग की बढ़ी मुश्किलें

# गर्मी के शुरुआती दौर में ही कोरबा में 237 तो कटघोरा वनमंडल के 97 स्थानों में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गर्मी के दस्तक देते ही शुरुआती दिनों में ही जंगल में भयंकर आग लगने पर सिलसिला शुरू हो चुका है। कोरबा वन मंडल में अब तक 237 तो कटघोरा वन मंडल के 97 स्थान में आगजनिक की घटना सामने आ चुकी है जिससे लगातार जंगल में खतरा मंडराने लगा है। हालांकि वन विभाग की टीम जंगल में लगे आग पर काबू पाने में हर संभव प्रयास कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि हर साल गर्मी के दिनों में जंगल में आग लगने का सिलसिला शुरू हो जाता है। मार्च के महीने में अभी गर्मी ने दस्तक दी है अमूमन अप्रैल के महीने में जंगल में आग लग जाने की घटना सबसे अधिक सामने आती है क्योंकि इसी दौरान सबसे अधिक गर्मी पड़ती है लेकिन इस वर्ष मार्च की शुरुआती दौर में ही जंगल में ही आग लगने का सिलसिला तेज हो चुका है, जो वन विभाग के लिए चिंता का सबक बन गया है। हालांकि वन विभाग के अधिकारी लगातार जंगलों में पेट्रोलिंग कर रहे हैं और जंगल में लगे आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। ताजा आंकड़ों के मुताबिक कोरबा वन मंडल में अब तक इस सीजन में 237 तो कटघोरा वन मंडल के 97 स्थान में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है। कोरबा मंडल में इतने बड़ी संख्या में आग लगने की घटना समस्या बड़ रही है। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लगातार वन विभाग की टीम जंगल में पेट्रोलिंग कर रही है और आग बुझाने अब प्रयास भी कर रही है। आने वाले दिनों में गर्मी और भी तेज होगी जिससे जंगल में आग लगने की घटना और भी तेज हो जाएगी। इसके लिए वन विभाग के अधिकारी लगातार तैयारी में जुटे हैं कि कैसे आग पर काबू पाया जा सके।



वन क्षेत्रों में लगी आग।



आग बुझाता वन कर्मी।

### क्या होता है नुकसान

जंगल में हर साल आगजनी की घटना सामने आती है जिससे जंगल में बसने वाले वन्यप्राणी रिहायशी क्षेत्रों में आने का प्रयास करते हैं और या तो सड़क हादसे के शिकार हो जाते हैं या फिर जंगली जानवरों को कुत्ते नोंचकर मार डालते हैं। इसी तरह जंगल में आग लगने की वजह से कोरबा और कटघोरा वन मंडल में पाए जाने वाले औषधियुक्त जड़ी बूटी नष्ट होते हैं क्योंकि कोरबा और मंडल में बड़े पैमाने पर औषधि पेड़ों पौधों की भरमार है।

### महुआ और तेंदूपता है प्रमुख वजह

जंगल में इन दिनों महुआ संग्रहण का दौर तेजी से चल रहा है जंगल में चारों तरफ महुआ संग्रहण के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। कोरबा वन मंडल में सबसे अधिक तेंदूपत्ता का पेड़ है यही वजह है कि कोरबा मंडल में आगजनी की घटना भी सबसे अधिक सामने आ रही है। बताया जाता है कि ग्रामीण सुबह-सुबह जंगल पहुंच रहे हैं और पीले सोने का संग्रहण कर रहे हैं और उनके ही द्वारा महुआ बीनने के लिए पेड़ के नीचे पत्तों में आग लगा देते हैं ताकि महुआ संग्रहण में आसानी हो। वहीं दूसरी ओर तेंदूपत्ता संग्रहण का दौर भी आने वाले दिनों में शुरू होने वाला है इसके पहले जंगल में तेंदूपत्ता ठेकेदारों के इशारों पर आगजनी की घटना सामने आती है जो सिलसिला शुरू हो चुका है। यदि यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में वन विभाग को और भी परेशानी हो सकती है क्योंकि कोरबा वन मंडल के चारों तरफ पहाड़ों से घिरा हुआ है और पहाड़ों में एक बार आग लगने पर यह थमने का नाम नहीं लेता है꠰ कोरबा मंडल के करतला वन परिक्षेत्र में मंगलवार को आगजनी की घटना सामने आई है जो लगातार आग फैल रहा है। वहीं विभाग की टीम लगातार इसे बुझाने का प्रयास कर रही है लेकिन कोई ठोस सफलता नहीं मिल पा रही है।

# बीपीएल कार्डधारी किसान बेचते हैं लाखों का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीपीएल राशनकार्ड बनाने की होड़ में ऐसे हितग्राहियों के नाम जुड़ गए हैं जो बीपीएल के दायरे में आते ही नहीं। ऐसे मामले ग्रामीण अंचलों में जो सामने आए हैं उसमें बीपीएल कार्डधारी किसानों ने लाखों का धान बेचा है। ऐसी जानकारियां सामने आने लगी है दो वर्ष पूर्व ऐसे किसानों के बीपीएल कार्ड निरस्त कर एपीएल बनाए गए थे जिनके पास पांच एकड़ से अधिक की जमीन उपलब्ध है।

जिले में बीपीएल राशनकार्डधारियों की संख्या 3 लाख से ज्यादा हो चुकी है। इन बीपीएल राशनकार्डधारियों में ग्रामीण अंचलों के बड़े किसान भी शामिल हैं। वह भी ऐसे किसान जो प्रतिवर्ष धान खरीदी में लाखों का धान बेचने के साथ बोनश की राशि भी ले रहे हैं। ऐसे किसानों का दो वर्ष पूर्व जब भौतिक सत्यापन किया गया था उस दौरान बड़े किसानों के बीपीएल राशनकार्ड निरस्त कर उन्हें एपीएल की श्रेणी में लाया गया था उसके बाद से यह अभियान बंद है और इधर बड़ी संख्या में बीपीएल राशनकार्ड भी बनाए जाने का कार्य अभी भी जारी है। नए मापदंड के अनुसार ग्रामीण अंचलों में नए राशनकार्ड बनाए जाने हेतु जमीन के दस्तावेज मांगे जा रहे हैं उसके आधार पर पटवारी प्रतिवेदन मिलने के बाद राशनकार्ड बन रहे हैं। यह नए प्रावधान आने के बाद से ग्रामीण अंचलों में समस्या जरुर खड़ी हुई है किंतु बीपीएल राशनकार्ड लगातार बन रहे हैं। नए प्रावधानों का कड़ाई से अमल नहीं होने के कारण ग्रामीण अंचलों के बीपीएल राशनकार्डधारियों में बड़े किसान शामिल हैं। विभाग ने अब ऐसे किसानों का परीक्षण शुरु किया है।

### खास बात

- पांच एकड़ से अधिक जमीन वालों का बना है राशनकार्ड



### ग्रामीण अंचल में संचालित है 4 सौ दुकानें

ग्रामीण अंचलों में पीडीएस दुकान की संख्या 4 सौ है। सर्वाधिक राशनकार्डधारियों की संख्या ग्रामीण अंचलों में है। कुल 4 लाख 65 हजार राशनकार्डधारियों में 3 लाख 35 हजार बीपीएल राशनकार्डधारी हैं। इनमें सर्वाधिक संख्या ग्रामीण अंचलों की है। जहां बड़े किसान बीपीएल राशनकार्ड बनाकर खाद्यान्न सामग्री ले रहे हैं। ग्राम सभा के दौरान भी ग्रामीणों के द्वारा ऐसे मामले उठाए गए थे किंतु उसपर विभागीय स्तर से कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हुई। जिससे बड़े किसानों का बीपीएल कार्ड बनाने का कार्य नहीं रुक पा रहा है।

# निगम की एमआईसी की बैठक में बजट पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 एमआईसी द्वारा पारित कर आवश्यक स्वीकृति हेतु साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। मेयर इन काउंसिल द्वारा निगम के विभिन्न कार्यो से जुडे.प्रस्तावों पर विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक स्वीकृतियां भी दी गई, साथ ही राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना एवं सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना के हितग्राहियों को भी एम.आई.सी. द्वारा अपनी स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की विशेष उपस्थिति में निगम की मेयर इन काउंसिल की बुधवार को आयोजित बैठक में एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल, भानुमति जायसवाल, अजय गोंड़, धनकुमारी गर्ग, फिरतराम साहू, उर्वशी राठौर, ममता यादव, अजय कुमार चन्द्रा एवं सरोज शांडिल्य सहित अन्य उपस्थित थे। निगम का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2024-25 एवं बजट वर्ष 2025-26 एमआईसी के समक्ष रखा गया। एमआईसी द्वारा सर्वसम्मति से बजट प्रस्ताव को पारित करते हुए बजट को आवश्यक स्वीकृति के लिए निगम की आगामी साधारण सभा की ओर अग्रेषित किया गया। बैठक के दौरान स्व.केशवलाल मेहता स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 के लिए अनुदान, सुनालिया ज्वेलर्स के पास आरयूबी निर्माण के कारण बिछाई गई डीआई पाईप लाईन शिफ्टिंग कार्य, बनिया तालाब का विकास व संरक्षण कार्य, वयवंदन कार्ड के संबंध में, सामुदायिक भवनों का रखरखाव, विवेकानंद उद्यान के संबंध में, निगम कर्मचारियों का सेटअप पुनरीक्षण सहित अन्य विविध प्रस्तावों पर विस्तार से विचार विमर्श पश्चात सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए, वहीं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना व सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजना आदि की स्वीकृति भी एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त बीपी त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, जोन कमिश्नर व कार्यपालन अभियंता भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, एनकेनाथ, अजीत तिग्गा, अखिलेश शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक लेती महापौर एवं उपस्थित अधिकारी व एमआईसी सदस्य।

### खास बातें

- सामान्य सभा में पेश की जाएगी निगम की पुनरीक्षित बजट
- एमआईसी की बैठक में विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों को दी गई स्वीकृति

# ट्रेलर ने बाइक सवार महिला व युवक को मारी टक्कर, चक्काजाम का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए एक बाईक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे महिला व युवक बाइक सहित गिर गये। हादसे के होते ही लोगों की भारी भीड़ जुट हो गई और लोग मार्ग में हो रहे लगातार हादसों को लेकर चक्काजाम करने का प्रयास करने लगे। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला व युवक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया और चक्काजाम करने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को समझाइश दी गई।

बुधवार की सुबह करीब साढ़े दस से पौने 11 बजे के बीच शहर के राताखार चौक पर एक भीषण हादसा हो गया। चौक पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए हुए एक बाइक को चपेट में ले लिया। बाइक पर सवार एक महिला और युवक दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गए हैं, जिन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि ट्रेलर के पहिए महिला के पैरों के ऊपर से गुजर गए। हादसे से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने चौक पर चक्काजाम कर दिया।



# अरूणीश, अविनाश सहित सात पार्षद हुए पीआईसी में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद दीपका में प्रेसिडेंट इन काउंसिल का गठन कर लिया गया है। अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राजपूत के द्वारा पीआईसी में भाजपा पार्षदों को शामिल किया गया है। वरिष्ठ पार्षद अरूणीश तिवारी और पहले ही चुनाव में जीत दर्ज करने वाले युवा पार्षद अविनाश सिंह को इसमें जगह दी गई है।

पीआईसी में संगीता साहू का भी नाम शामिल है। वे पहले उपाध्यक्ष पद की दावेदार थीं बाद में दूसरे नाम को फाइनल किया गया। इसके अतिरिक्त 4 और पार्षद भी पीआईसी का हिस्सा हैं। इनमें आलोक परेडा, सुमन लता गिलहरे, सुखसागर साहू और सविता कंवर को रखा गया है। अरूणीश तिवारी को राजस्व व बाजार, अविनाश कुमार सिंह को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, संगीता साहू को शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। आलोक परेडा के पास आवास, पर्यावरण और लोक निर्माण विभाग होगा। सुमन लता को जल कार्य विभाग, सुखसागर साहू को विधि एवं सामान्य प्रशासन, सविता कंवर खाद्य नागरिक आपूर्ति, पुनर्वास और नियोजन का काम देखेंगीं। पीआईसी का गठन की अधिकृत सूचना मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश गुप्ता के द्वारा जारी की गई है। बताया गया कि आगे होने वाली पीआईसी की बैठक में अध्यक्ष सहित यह टीम शामिल होगी। नगर पालिका की नीतियों और क्रियान्वयन के मामले में सामान्य सभा से पहले पीआईसी की बैठकें और उसके निर्णय काफी अहम होते हैं।

### खास बात

- दीपका नगर पालिका परिषद में हुआ समिति का गठन

# अचानक बिना सूचना के प्रदर्शन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे आंदोलनकारियों को पुलिस ने परिसर से किया बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के प्राइमरी और मिडिल स्कूल में मध्यान्ह भोजन का काम करने वाले रसोईयों के जिला स्तरीय संघ ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। बीते तीन दिन से संघ के सदस्य घंटाघर ओपन थिएटर में धरना दे रहे थे। अंतिम दिन ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया।

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर धरना देने वाले रसोईया संघ के कलेक्ट्रेट पहुंचने की जानकारी पुलिस प्रशासन को भी नहीं थी। बड़ी संख्या में एकाएक कलेक्ट्रेट के मुख्यद्वार से पोर्च तक पहुंच गए जिससे भीड़ के एकाएक पहुचने पर कलेक्ट्रेट परिसर में हड़कंप मच गया। वहां मौजूद दो पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझाकर बाहर भेजने का प्रयास किया तब तक इसकी सूचना सिविल लाईन थाना प्रभारी को मिलने पर मौके पर सिविल लाईन थाना के जवान पहुंचे और संघ की भीड़ को समझाइश देते हुए बिना सूचना के कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर पहुंचने की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की जानकारी दी। तब जाकर संघ के सदस्य शांत हुए और कलेक्ट्रेट परिसर से बाहर निकले। तब तक कलेक्ट्रेट से प्रशासनिक अधिकारी रसोईया संघ का ज्ञापन लिए। ज्ञात हो कि कलेक्ट्रेट परिसर ज्ञापन देने पहुंचने वाले किसी भी राजनीतिक दल या सामाजिक संस्थाओं या कर्मचारी संघों को इसके पहले सूचना देना आवश्यक रहता है।



**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण व आम आदमी को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता चेतन कुमार सूर्या पिता मोहितराम जाति सूर्यवंशी निवासी बेलटिकरी, दीपका, कोरबा तहसील दीपका जिला कोरबा छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम सिवनी प.ह.नं. 02 रा.नि.म. व तहसील चांपा जिला जांजगीर-चांपा छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 1476/30 रकबा 1.00 एकड /0.405 हेक्टेयर (एक एकड़) भूमि को क्रय करने को पक्का सौदा कर ब्याना की राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया जा चूका है, व बकाया रकम अदायगी उपरान्त रजिस्ट्री पंजीयन कराया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित भूमि / संपत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति, कोई पारिवारिक सदस्य, किसी संस्था (शासकीय अर्धशासकीय वित्तीय निकाय) फर्म समूह कंपनी ट्रस्ट या अन्य किसी को विक्रय करने के संबंध में कोई दावा आपत्ति हो तो इस्तिहार प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, समयावधि पश्चात की गई दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार के द्वारा अपने पक्ष में विक्रय पंजीयन की कार्यवाही करा लिया जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने

दिनांक-20/03/2025

भीमन थवाईत
अधिवक्ता
रानी रोड कदम चौक चांपा
जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
9302290204/9926398949

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज,
- पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल



जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES

सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

20-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/20/2025 8:18 PM Page 1





# ओटीटी पर रिलीज होने जा रही 'स्काई फोर्स'

**मुंबई।** अभिनेता अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की देशभक्ति के रंग में रंगी एक्शन फिल्म 'स्काई फोर्स' अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज के लिए तैयार है। 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म अब रिलीज के लगभग दो महीने बाद ओटीटी पर आने जा रही है। इसकी जानकारी खुद ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से दी गई है। फिल्म 21 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। प्राइम वीडियो ने अक्षय और वीर पहाड़िया का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों थिरकते दिख रहे हैं। इसके कैप्शन में प्राइम वीडियो ने लिखा है, 'आप जानते हैं क्या लैंड होने जा रहा है? 'स्काई फोर्स' 21 मार्च से प्राइम वीडियो पर।'

## लाइफ Style

# कीर्ति



## हाथ लगी नई रोमांटिक कॉमेडी फिल्म!

कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ 'बेबी जॉन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, अब अभिनेत्री की नई फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

कीर्ति सुरेश ने वरुण धवन के साथ 'बेबी जॉन' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। वहीं, अब अभिनेत्री की नई फिल्म से जुड़ी दिलचस्प जानकारी सामने आ रही है। खबर है कि वह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि, कीर्ति की नई फिल्म पर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है, लेकिन रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि अभिनेत्री को एक अनटाइटल्ड रोमांटिक-कॉमेडी प्रोजेक्ट के लिए संपर्क किया गया है। फिल्मफेयर के अनुसार, फिल्म के निर्माता कीर्ति सुरेश के साथ काम करने के इच्छुक हैं। अगर, बातचीत सफल होती है तो फिल्म में एक नए अवतार में नजर आएंगी। अभिनेत्री एक ऐसे किरदार में नजर आएंगी जो मजेदार और मनोरंजक है।निर्माता फिलहाल शीर्षक, कहानी और कलाकारों के नामों को गुप्त रख रहे हैं। कीर्ति के पास दो रोमांचक तमिल प्रोजेक्ट भी हैं- रिवॉल्वर रीटा और कन्निवेदी। बेबी जॉन की बात करें तो यह इंस्पेक्टर सत्या वर्मा (वरुण धवन) की कहानी है, जिसे बेबी जॉन के नाम से जाना जाता है। सत्या अपनी बेटी खुशी (जारा ज्याना) और अपने पुराने दोस्त राम सेवक (राजपाल यादव) के साथ केरल में एक शांतिपूर्ण जीवन जीता है।

## हॉलीवुड मसाला



# 'वाक ऑफ फेम' इवेंट में हंगामा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस और 'वंडर वुमन' फेम गैल गैडोट गाजा में चल रहे युद्ध के बारे में हमेशा से खूब मुखर रही हैं। 18 मार्च को उन्हें हॉलीवुड के 'वॉक ऑफ फेम' पर एक स्टार देकर सम्मानित किया गया। लेकिन, यह समारोह हंगामे की भेंट चढ़ गया। फिलिस्तीनी और इजरायली समर्थक प्रदर्शनकारियों समारोह के बीच में घुस गए। उन्होंने हाथों में बैनर लिए हुए थे और कार्यक्रम के दौरान वो आपस में ही भिड़ गए। एक रिपोर्ट के मुताबिक, समारोह के समापन से ठीक पहले दर्जनों प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल के पास जमा हो गए।




# 27 जून को रिलीज होगी 'स्क्विड गेम सीजन 3'

**लॉस एंजिल्स।** 'स्क्विड गेम 2' की सफलता के बाद दर्शक बेसब्री से इस सीरीज के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। कुछ महीने पहले निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 3' की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। 'सक्विड गेम' को वैश्विक स्तर पर दर्शकों का प्यार मिला है। अब इसका तीसरा और आखिरी सीजन धमाल मचाने के लिए तैयार है। नए खेलों और पहले से कहीं अधिक दांव के साथ सीजन 3 एक दमदार क्लाइमेक्स पेश करेगा। इस सीरीज ने इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली गैर-अंग्रेजी टीवी सीरीज थी, प्राइमटाइम एमी पुरस्कार में नामांकन मिला और इसने अवॉर्ड भी जीता। 'स्क्विड गेम सीजन 3' 27 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। प्रशंसक 'स्क्विड गेम 3' के पहले ट्रेलर के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं, जो कथित तौर पर मई में रिलीज होगा।



# बिंदी लगाने के लिए कर दिया ट्रोल...

**मुंबई।** पाकिस्तान की एक्ट्रेस हानिया आमिर के भारत में बहुत फैंस हैं। हानिया आमिर 'कभी मैं कभी तुम', 'मेरे हमसफर', 'दिल रुबा' और 'अना एंड मोर' जैसे टीवी शो में नजर आ चुकी हैं। उनके फैंस सिर्फ पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में भी हैं। हानिया आमिर को पाकिस्तान की आलिया भट्ट बुलाया जाता है। यह नाम सुनकर काफी खुश होती हैं। वह इसे अपनी तारीफ समझती हैं। हानिया ने होली के मौके पर सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें शेयर की थीं। इन तस्वीरों में वह बिंदी लगाए हुए नजर आ रही थीं। हानिया आमिर की ये चीज लोगों को पसंद नहीं आई। उन्होंने हानिया को बिंदी लगाने के लिए ट्रोल कर दिया। एक यूजर ने लिखा 'इस बिंदी की वजह से मैं आपको अनफालो कर रहा हूं। रमजान का महीना है और आप ये पाकिस्तान में कर रही हैं।'



# 'सिकंदर' में होगा 'गजनी' जैसा सरप्राइज...

**मुंबई।** सलमान खान ईद के मौके पर दो साल बाद धूम मचाने आ रहे हैं। एआर मुरुगादॉस के डायरेक्शन में बनी उनकी एक्शन फिल्म 'सिकंदर' रविवार, 30 मार्च को रिलीज होने वाली है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी फिल्म को लेकर डायरेक्टर ने मजेदार खुलासे किए हैं। अब जब फिल्म की रिलीज को महज 10 दिन बचे हैं, मुरुगादॉस ने कहा कि 'सिकंदर' में उनकी फिल्म 'गजनी' की तरह ही सरप्राइज एलिमेंट होगा। 'सिकंदर' का धमाकेदार टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म के तीनों गाने 'जोहरा जबीं', 'बम बम भोले' और 'सिकंदर नाचे' म्यूजिक स्ट्रीमिंग साइट्स और यूट्यूब पर लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। आईएमडीवी पर सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर 'सिकंदर' साल 2025 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है।

## टीवी मसाला



# मन्नारा का डांस वीडियो देख घिनाया सबका मन

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस और 'बिग बॉस 17' में नजर आईं मन्नारा चोपड़ा इस वक्त 'लाफ्टर शेफ्स 2' में बतौर कंटेस्टेंट दिखाई दे रही हैं। वह अपने फेशियल एक्सप्रेशन्स और ड्रेसिंग सेंस को लेकर अक्सर आलोचना झेलती हैं। मगर सुधार रत्तीभर देखने को नहीं मिलता। उन्हें सलमान खान से लेकर तमाम लोगों ने बदलाव लाने को कहा, लेकिन बार्बी हांडा के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। अब उन्होंने ऐसा डांस वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद लोग उनसे इसे डिलीट करने के लिए कह रहे हैं। मन्नारा चोपड़ा ने होली के मौके पर अंकिता लोखंडे की पार्टी में धमाल मचाया था। खूब रंग खेला था। जो शायद अभी तक उतरा नहीं और उन्होंने उसी हाल में एक रील बनाकर शेयर कर दी, जिसके बाद तो कमेंट सेक्शन में यूजर्स ने जमकर आलोचना की और उन्हें इस वीडियो को फौरन डिलीट करने के लिए कहा। वह शॉर्ट टॉप और डेनिम में एक इंग्लिश सॉन्ग पर कभी फ्लाइंग किस दे रही हैं तो कभी अपने डांस मूव्स दिखा रही हैं। मन्नारा चोपड़ा जिस तरह से मुंह बना-बनाकर बोलती हैं, हर किसी को उनसे इरिटेशन होने लगती है। 'लाफ्टर शेफ्स 2' में भी वह इसी कारण हंसी का पात्र बनती हैं। साथ ही सुदेश लहरी के साथ इनकी जोड़ी बनी है, और ये जीतने के लिए जरा भी एफर्ट नहीं लगातीं, जिस कारण शेफ हरपाल सिंह से इन्हें फटकार भी लगती है। अब्दू रोजिक तक शो पर एक्ट्रेस की बेइज्जती कर देता है। लेकिन वह अपनी ही धुन में खोई रहती हैं। इस गाने में भी वह एकदम अजीब लग रही हैं। जिस वजह से ट्रोल हो रही हैं।

## तेजस्वी इसी साल करण से करेंगी शादी, अभिनेत्री की मां ने की पुष्टि

**नई दिल्ली।** 'नागिन' अभिनेत्री तेजस्वी प्रकाश की मुलाकात करण कुन्द्रा से साल 2021 में हुई थी। चार सालों तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद अब ये शादी के बंधन में जा रहे है, इस बात की पुष्टि तेजस्वी की मां ने एक शो के दौरान की। हाल ही में फराह खान के शो सेलिब्रिटी मास्टरशेफ में तेजस्वी प्रकाश बतौर प्रतिभागी शामिल हुई। इस शो का एक क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फराह खान अभिनेत्री की शादी के बारे में सवाल पूछती हैं। इसके जवाब में वहां मौजूद उनकी मां ने कहा कि इसी साल 2025 में उनकी शादी हो जाएगी।



ये बात सुनकर सभी ने तालियां बजाई और इस दौरान अभिनेत्री को शरमाते हुए देखा गया। फराह खान ने करण कुंद्रा का नाम लेकर मजाक भी उड़ाया, लेकिन अभिनेत्री ने हंसते हुए कोई जवाब नहीं दिया।

# 'बी हैप्पी' से लेकर 'कल हो ना हो' तक में दिखाई गई कैंसर की बीमारी

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही की अदाकारी से सजी फिल्म 'बी हैप्पी' 14 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म में अभिषेक बच्चन ने एक सिंगल पिता का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी तब दुखभरी हो जाती है जब अभिषेक की बेटी (धारा रस्तोगी) को कैंसर हो जाता है। हालांकि, अभिषेक अपनी बेटी के सपने को पूरा करने की कोशिश करते हैं। इस खबर में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताएंगे जिनमें कैंसर की बीमारी दिखाई गई है।

***ऐ दिल है मुश्किल :*** रणबीर कपूर, अनुष्का शर्मा और ऐश्वर्या राय की अदाकारी से सजी फिल्म 'ऐ दिल है मुश्किल' में प्यार और दिल टूटने की कहानी दिखाई गई है। साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म का निर्देशन करण जौहर ने किया था। फिल्म फवाद खान (अयान) के आस पास घूमती है। उसे अलीजेह (अनुष्का) से प्यार है, लेकिन उसे कैंसर की बीमारी रहती है। फिर रणबीर कपूर एक्ट्रेस का हाथ थामते हैं।

***कल हो ना हो :*** साल 2003 में रिलीज हुई फिल्म 'कल हो ना हो' का निर्देशन निखिल अडवाणी ने किया था। फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और सैफ अली खान एहम किरदार में थे। फिल्म में प्यार, दोस्ती और संघर्ष दिखाया गया था। फिल्म



में अमन नाम के शख्स की कहानी दिखाई गई थी जो कैंसर से जूझ रहा था।

***आशाएं :*** फिल्म 'आशाएं' साल 2010 में रिलीज हुई थी। फिल्म में जॉन अब्राहम और सोनल सहगल ने अहम किरदार अदा किया था। फिल्म की कहानी राहुल नाम के शख्स के आस पास घूमती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है जब उसे पता चलता है कि उसे कैंसर है। लेकिन उसके साथ जो मरीज हैं वह उसे जिंदगी जीने का हौसला देते हैं। वह जिंदगी को खुलकर जीता है।

***दिल बेचारा :*** दिल बेचारा फिल्म साल 2020 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सुशांत सिंह राजपूत के साथ संजना संघी हैं। यह फिल्म 'द फॉल्ट ऑफ अवर स्टार्स' नॉवेल पर बनी है। फिल्म में संजना संघी कैंसर की मरीज होती है। दोनों की दोस्ती कैंसर का गम भुला देती है।

***आनंद :*** साल 1971 में रिलीज हुई फिल्म 'आनंद' में राजेश खन्ना ने सहगल का किरदार अदा किया है। फिल्म में आंतों के कैंसर के बारे में दिखाया गया है। सहगल को पता होता है कि उसकी बीमारी का इलाज नहीं है लेकिन वह जिंदगी के मजे लेता है और अपने पास लोगों को खुश रखता है।

# महीनेभर में दूसरी बार अकेले लौटीं मुंबई



***मुंबई।*** *बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड का सफर तय कर चुकीं प्रियंका चोपड़ा हाल ही में अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए आई थीं। मगर बीच में वह एक बार और भारत आई थीं। उन्हें हैदराबाद में देखा गया था। क्योंकि, एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू के साथ वह काम कर रही हैं। अब शायद उसी के लिए वह फिर से मुंबई पहुंची हैं। उन्हें कलीना एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। मगर यहां लोगों की नजर उन पर नहीं, बल्कि उनके पेट पर अटकी रही। प्रियंका चोपड़ा ने काफी समय पहले नेवल (नाभि) पियर्सिंग करवाई थी। अब जब वह एयरपोर्ट पर दिखीं तो दूर से ही उनका पेट शाइन करने लगा। क्योंकि, उन्होंने जो बेली बटन पहना था वो डायमंड का था और उसकी कीमत 2.7 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अब एक्ट्रेस के इस वीडियो पर लोगों का भी भर-भरकर रिएक्शन आ रहा है। एक यूजर ने लिखा, 'जितना हमारे बाप दादा की प्रॉपर्टी नहीं, उतना ये बेली पर लटकाए घूम रही है।' एक ने लिखा, 'स्वैग गर्ल।' एक ने लिखा, 'ये अच्छा काम करती हैं और इतना महंगा सामान ये डिजर्व करती हैं।' एक्ट्रेस यहां बिना निक जोनस और बेटी मालती के दिखाई दी हैं।*

## ऑथर हनीफ जावेरी ने परवीन बाबी को लेकर किए रोंगटे खड़े करने वाले खुलासे

# परवीन बाबी रेंग-रेंगकर कमरे की ओर आने लगीं, उनका बहुत बुरा था हाल

***नई दिल्ली।*** *फिल्म हिस्टोरियन और ऑथर हनीफ जावेरी ने परवीन बाबी को लेकर रोंगटे खड़े करने वाले खुलासे किए हैं। हनीफ ने बताया था कि एक रात वह रेंगते हुए सिनेमेटोग्राफर प्रवीण भट्ट के कमरे की ओर जा रही थीं। अमिताभ ने भी परवीन का हाल देखा तो यश चोपड़ा को बताया। उन्होंने परवीन को 'सिलसिला' से बहाना करके हटा दिया था। इसके लिए परवीन, अमिताभ को जिम्मेदार मानने लगी थीं। परवीन बाबी किसी जमाने में बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस थीं। उन्होंने कई हिट फिल्में दी थीं, और खूब स्टारडम बटोरा, लेकिन निजी जिंदगी काफी दर्दनाक रही। साल 2005 में जब परवीन बाबी की दर्दनाक मौत हुई, तो हर कोई सहम उठा था। उनके जाने से फिल्म इंडस्ट्री को बड़ा झटका लगा था। जिस परवीन के साथ कभी हर फिल्ममेकर और एक्टर काम करना चाहता था, उसका बाद में जो हाल हुआ, उससे दिल कांप उठा था। परवीन बाबी मेंटल हेल्थ इशूज से जूझ रही थीं, और यह सबको नजर आने लगा था। इस वजह से मेकर्स को परवीन बाबी को 'सिलसिला' से भी हटाना पड़ गया था। इस बारे में सीनियर ऑथर और फिल्म हिस्टोरियन हनीफ जाफरी ने एक इंटरव्यू में बताया। उन्होंने बताया कि कैसे परवीन बाबी एक कमरे से दूसरे कमरे की ओर रेंगकर जा रही थीं। साल 1981 में आई 'सिलसिला' में पहले अमिताभ बच्चन के साथ यश चोपड़ा ने परवीन बाबी को साइन किया था। लेकिन ,अमिताभ ने 'कालिया' के सेट पर परवीन के बर्ताव में कुछ ऐसा देखा कि उन्होंने तुरंत ही यश चोपड़ा को फोन करके कश्मीर बुला लिया था। वहां 'कालिया' की शूटिंग चल रही थी। वहीं पर परवीन को लगने लगा था कि अमिताभ ने उनके खिलाफ गेम खेला है।*






### यश चोपड़ा ने बहाना करके 'सिलसिला' से हटाया

'तो उन्होंने तय कर लिया कि परवीन बाबी को फिल्म से निकाल देना है। यश चोपड़ा साहब गए और परवीन बाबी से कहा कि भई स्क्रिप्ट में अभी इतने बदलाव हो गए हैं कि आपका रोल बहुत छोटा हो गया है। मैं इतने छोटे रोल में आपको ले नहीं सकता। तो मैं आपको 'सिलसिला' से अलग कर रहा हूं, लेकिन हम आपके साथ अगली पिक्चर करेंगे। उन्होंने एक बहाना करके परवीन को 'सिलसिला' से अलग कर दिया। पर ये बात परवीन के दिमाग पर ज्यादा असर कर गई। उनको लगा कि ये सारी गेम जो हुई है मुझे पिक्चर से आउट करने की, वो अमिताभ बच्चन ने की है। जबकि अमिताभ ने अगर ऐसा किया भी था, तो पिक्चर के फायदे के लिए किया था।'

### 'सिलसिला' के कॉस्ट्यूम 'कालिया' के सेट पर ले गईं

इस बारे में हनीफ जावेरी ने कहा था, 'परवीन बाबी 'सिलसिला' में अपनी कॉस्ट्यूम को लेकर इतनी पजेसिव हो गई थी कि उन्होंने यश चोपड़ा से कहा कि आपने ये कॉस्ट्यूम जो मेरे लिए बनवाए हैं, वो मैं अपने पास रखूंगी। परवीन वो कॉस्ट्यूम लेकर कश्मीर पहुंच गईं, जहां 'कालिया' की शूटिंग चल रही थी। एक दिन परवीन ने प्रवीण को अपने कमरे में ले जाकर कॉस्ट्यूम दिखाए कि ये 'सिलसिला' की हैं। जब उन्होंने पूछा कि यहां क्यों लेकर आईं तो परवीन ने कहा कि ये मुंबई में चोरी हो जातीं। तब प्रवीण भट्ट को लगा कि परवीन को कुछ मेंटली प्रॉब्लम हैं।'

### ...तब लगा मेंटली गड़बड़ है

हनीफ जावेरी ने आगे बताया, 'उसी दौरान ऐसी सिचुएशन हो गई कि प्रवीण भट्ट के होटल के कमरे और परवीन के कमरे के बीच थोड़ा सा फासला था। परवीन बाबी रेंगते हुए उनके कमरे की तरफ आने लगी तो वो चौंक गए। परवीन को लगा कि मैं अगर चलूंगी तो गिर जाऊंगी। तो कन्फर्म हो गया कि ये मेंटली डिस्टर्ब हैं। वो रेंगते हुए एक कमरे से दूसरे कमरे में जा रही थीं।'

### अमिताभ भी परवीन की हालत देखकर डरे

हनीफ ने फिर बताया, 'जब अमिताभ बच्चन 'कालिया' की शूटिंग के लिए कश्मीर पहुंचे, तो उन्होंने भी ऑब्जर्व किया कि परवीन बाबी में कुछ बदलाव हैं। उन्होंने तुरंत यश चोपड़ा को फोन किया कि आप तुरंत इधर आ जाओ। इतनी बड़ी पिक्चर 'सिलसिला' शुरू होने वाली है। इसमें कुछ गड़बड़ है। यश चोपड़ा कश्मीर गए और देखा तो परवीन के गाल सूजे हुए थे...जैसे आदमी ने बहुत शराब पी हो...और वो 'सिलसिला' के कैरेक्टर से मैच नहीं खा रही थीं। वो उनकी मेंटल प्रॉब्लम को लेकर भी चिंतित हो गए कि अगर ये गड़बड़ मामला थोड़ा बढ़ गया तो इतनी बड़ी पिक्चर लटक जाएगी।'

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ अखण्ड नवधा रामायण प्रारंभ



**बिर्रा।** ग्राम बसंतपुर में आयोजित नवदिवसीय अखंड नवधा रामायण के प्रथम दिन बुधवार 19 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं युवतियां शामिल हुई।

### लोहर्सी में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत पुराण यज्ञ 30 से

**लोहर्सी।** मां रक्त मौली सेवा कल्याण समिति एवं समस्त ग्रामवासी लोहर्सी के तत्वाधान में नौ दिवसीय श्रीमद देवी भागवत पुराण यज्ञ का आयोजन कथा स्थल मां रक्तमौली देवी प्रांगण लोहर्सी में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित होगा। श्रीमद् देवी भागवत पुराण की कथा वाचिका सुश्री आकृति तिवारी लोरमी पड़रिया वाली होंगी । वहीं कथा का रसपान श्रद्धालुओं को शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक कराया जाएगा। वही गांव में इस प्रकार के धार्मिक कथा के आयोजन होने पर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।

### विधायक ब्यास ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को सदन में घेरा

**चांपा।** जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप ने विधान सभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से



अनाथालयों एवं वृद्धाश्रम के बारे में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि मंत्री द्वारा जो लिखित जवाब दिया गया है उसमें वृद्धाश्रम के बारे कही कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने पूछा कि आपके द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जांजगीर में चाइल्ड हेल्प समिति संचालित है ऐसी जानकारी दी गई है तो कृपया अवगत कराएं कि यह किस स्थान पर संचालित है। मंत्री द्वारा पहले नवागढ़ जवाब दिया गया। पुनः पूछे जाने पर कि नवागढ़ में किस स्थान पर तो जवाब में नैला बताया गया। मंत्री के जवाब पर विधायक ब्यास कश्यप ने कहा कि मैं तो नैला का निवासी हूं, नैला में रहता हूं, मेरी पैदाइश वही की है, जहां तक मुझे जानकारी है ऐसी कोई समिति नैला में संचालित नहीं है। विधायक कश्यप ने कहा कि पूर्व में जांजगीर नगर में अनाथालय संचालित था जिसे अभी बंद कर दिया गया है। शासन का खुद का भवन है। क्या भविष्य में इसे शासन द्वारा संचालित किया जाएगा या विभाग केवल निजी संस्थानों पर निर्भर रहेगा। जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि मैं इसका निरीक्षण कराउंगी। विधायक ने पूछा कि एकीकृत बाल संरक्षण योजना के लिए बजट में कितनी राशि का प्रावधान किया गया है। विगत वर्ष कितनी राशि खर्च की गई। इसके जवाब में मंत्री निरुत्तर रहीं। विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि आप बाद में विधायक को जवाब उपलब्ध करा देना।

### धूल पंचमी पर शिक्षकों का होली मिलन समारोह आयोजित



**शिवरीनारायण।** धूलपंचमी के अवसर पर बुधवार 19 मार्च को शिक्षकों द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ठाकुरदेव परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का आरम्भ राधा कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में शिक्षकों ने गीत, कविताएं, गाने, संस्मरण सुनाएं और एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंगपचमी की बधाई दी। इस अवसर पर घनश्याम साहू, श्यामसुंदर रायसागर, त्रिपुरारी यादव, गोविन्द सिंह पवार, विवेक आदित्य, हरिशंकर यादव, राजीव सोनी, ऐरावत साहू, रमेश साहू, रमेश भारद्वाज, मनमोहन महिलाँगे,वीरेंद्र प्रताप तिवारी, संतोष कौशिक, सुभाष साहू,नूतन सिंह चंद्रा, शनिलाल साहू, राजेश देवांगन, भोलाशंकर तिवारी, राममोहन साहू आदि उपस्थित थे।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारी शुरु

**जांजगीर-चांपा।** श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में विगत वर्ष की भांति इस



वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाने की तैयारी की जा रहीं है। मंदिर की साफ सफाई रंग रोगन किया जा रहा है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने जानकारी दी की हनुमान जन्मोत्सव को लेकर हनुमत भक्तजन साल भर से मंदिर में होने वाले संकट निवारण मनोकामना दीप दान की प्रतिक्षा करते है इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव शुक्रवार 11 अप्रैल से शनिवार 12 अप्रैल दो दिवशीय मनाया जाएगा । हनुमान जन्मोत्सव इस वर्ष चैत्र पुर्णिमा 12 अप्रैल को है। 11 अप्रैल शुक्रवार को शायकाल दीप प्रज्वलन किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर प्रतिवर्ष तीन खन्ड में हनुमान जी को दीपदान दिया जाताहै। प्रथम सुन्दरकाण्ड महाज्योति दीपदान, दुसरा हनुमान चालिसा दीपदान , तिसरा संकट निवारण मनोकामना दीपदान , भक्तजन बड़ी संख्या में तीनों खन्डों में अपने नाम से दीपदान करते है।

शिक्षा की मुख्यधारा से दूर लोगों को इस अभियान में किया जाएगा शामिल

# साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत नवसाक्षरों के लिए होगा मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के तहत 23 मार्च को नवसाक्षरो के लिए मुल्यांकन परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा को लेकर ब्लाक नोडल अधिकारी ने शैक्षिक समन्वयको और प्रधान पाठको की बैठक ली। बैठक में परीक्षा के सफल आयोजन के लिए परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल, बैठक एवं अन्य समुचित व्यवस्था पूरी करने निर्देश दिए।

साक्षरता कार्यक्रम उल्लास के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 23 मार्च को विकासखण्ड पामगढ के सभी प्राथमिक शालाओ मे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को बढ़ाने के लिए "ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा" का आयोजन किया जाएगा। इस परीक्षा में 15 साल से अधिक उम्र के लोगों को शामिल किया जाएगा। शिक्षा की मुख्यधारा से कटे हुए लोगों को इस अभियान में शामिल किया जाएगा। साक्षरता अभियान के ब्लाक नोडल एबीईओ राकेश सोनी ने इस संबंध में शिक्षा विभाग के शैक्षिक समन्वयको और प्रधान पाठको की बैठक ली। बैठक में परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने तथा सभी असाक्षरों को इस अभियान से जोड़कर उन्हें महापरीक्षा अभियान में



शैक्षिक समन्वयको और प्रधान पाठको की बैठक लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश देते ब्लाक नोडल अधिकारी।

सम्मिलित कराने के निर्देश उनके द्वारा दिए गए हैं। इस अभियान मे पुर्व नियुक्त वालेन्टियर टीचर द्वारा शिक्षार्थियों को 200 घंटे अध्यापन पश्चात आकलन परीक्षा एनआईओएस द्वारा आगामी रविवार 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें ब्लाक के शिक्षार्थी सम्मिलित होंगे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार अपने ग्राम के परीक्षा केन्द्र मे मूल्यांकन हेतु शामिल हो सकते है। जिसमे प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा। विकासखण्ड के रिसोर्स व्यक्तियों के रुप मे श्रीमती निधिलता जायसवाल एवं चंद्र मोहन तिवारी के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम मे आये केंद्राध्यक्षो को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ब्लाक नोडल राकेश सोनी के द्वारा शिक्षार्थियों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित कराने हेतु समाज के सभी वर्गो से आवश्यक सहयोग करने हेतु अपील किया गया है।

महाअभियान मे सफल परीक्षार्थियों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के द्वारा प्रमाण पत्र प्रदाय किया जावेगा। परीक्षा के सफल संचालन हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक एवं खंड समवयक दुष्यंत भर्तहरि द्वारा ब्लाक स्तर मे कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है एवं परीक्षा तिथि को परीक्षा केन्द्रों के मॉनीटरिंग हेतु विकासखण्ड स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी परीक्षा केन्द्रों हेतु केन्द्राध्यक्ष व पर्यवेक्षक सह मूल्यांकनकर्ता नियुक्त कर लिया गया है। परीक्षा पूर्व प्रचार-प्रसार हेतु वातावरण निर्माण की कार्यवाही जैसे- नारा लेखन, मुनादी की जा रही है। परीक्षा केन्द्र में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल, बैठक एवं अन्य समुचित व्यवस्था के लिए स्थानीय स्तर पर किये जाने हेतु विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने निर्देश दिये हैं। प्रशिक्षण में सभी संकुलो के शैक्षिक समवयक व प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक उपस्थित रहे ।




## सिलादेही का आंगनबाड़ी केन्द्र जर्जर जुगाड़ के भवन में हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

ग्राम पंचायत सिलादेही का आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हो गया है। भवन काफी जीर्ण शीर्ण होने के कारण दीवार में जगह जगह पर दरारे पड़ गई है। वहीं बरसात के दिनों में छत से पानी का रिसाव भी होता है। यह भवन कभी भी भरभरा कर गिर जाएगा कहा नहीं जा सकता। इसी डर के चलते आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन कार्यकर्ता द्वारा अब जुगाड़ के भवन में किया जा रहा है।

■ विभाग के अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पौष्टिक आहार के अलावा बच्चों को शिक्षा की तालिम दी जाती है ताकी बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ सामान्य ज्ञान की शिक्षा मिल सके। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के सबसे अंतिम छोर पर बसा ग्राम पंचायत सिलादेही सबसे बाहुल्य बस्ती होने के बाद भी सरकार की योजना का लाभ ग्रामीण को नहीं मिल रहा है। वास्तव में आंगनबाड़ी काफी पुरानी और जर्जर हालत होने के कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा महिला विकास विभाग को लिखित व मौखिक रूप से जानकारी दी गई है किन्तु आंगनबाड़ी केंद्र भवन की हालत किसी से छिपी नहीं है। भवन काफी जीर्ण शीर्ण होने के कारण दीवार में जगह जगह पर दरारे पड़ गई है और छत से पानी का रिसाव भी होता है। आंगन बाड़ी केंद्र में बच्चों को किसी तरह बैठाकर पढ़ाया जा रहा था किन्तु कब और किस समय आंगनबाड़ी केंद्र भरभरा कर गिर जाए इसी बात की चिंता सताने लगी। आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ कोई भी अनहोनी घटित नहीं हो पाए इसे देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र को बंद करके जुगाड़ के भवन में संचालन किया जा रहा है। बताया जाता है कि वर्तमान में जिस भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र का संचालन हो रहा है उस भवन का किराया भी अब तक नहीं मिल पाया है।

## केपीसीएल के अधिकारियों ने गोधना का किया औचक निरीक्षण

**गोधना।** वर्ष 2008 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में आदर्श ग्राम गोधना-कुकदा भाठा में हेलीकॉप्टर से



उतरकर कर्नाटक सरकार के मंत्रियों द्वारा भूमि पूजन किया गया था। इस भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद मंत्रियों ने कहा कि ग्राम गोधना ,कुकदा और सलखन में पावर प्लांट खोला जाएगा। इसके लिए भूमि अधिग्रहण के बारे में जानकारी दी गई और लोगों को आश्वासन दिया गया कि स्थानीय लोगों को प्लांट में रोजगार प्रदान किया जाएगा। वहीं 2011 में लोगों को जमीन के एवज में 13 लाख 80 हजार प्रति एकड़ के अनुपात में मुआवजा राशि दी गई लेकिन इसके बाद आज तक यहां न तो प्लान्ट खुला है और न ही कोई औद्योगिक स्थापना हेतु गतिविधि की गई। वहीं अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण करने से लोगों में रोजगार मिलने की संभावना दिखाई दे रही है और उनमें अधिकारियों के इस औचक निरीक्षण से गांव में पावर प्लांट खुलने की संभावना प्रबल दिखाई दे रही है। हालांकि सरकार बदलने पर कर्नाटक पावर प्लांट कॉरपोरेशन लिमिटेड को रायगढ़ के जिंदल कंपनी से बेचने की बात कही जा रही थी।

## फतेहपुर के किसानों ने देखा कृषि मॉडल, अंजोला के बारे में प्राप्त की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

फतेहपुर उत्तर प्रदेश के किसान कृषि मॉडल को देखने वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचे। वहीं शुक्रवार को

■ जैविक खेती को परखने रायगढ़ जिले के किसान आएंगे आज

रायगढ़ जिले के दर्जनों किसान यहां पर जैविक खेती को परखने आएंगे और केंचुआ पालन तथा जैविक खाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला अंतर्गत अमौली ब्लॉक के किसान सत्यनारायण पटेल अपने साथी किसानों के साथ किसान स्कूल पहुंचे, जहां पर उन्होंने कृषि मॉडल को देखकर खूब प्रभावित हुए। उत्तर प्रदेश के किसानों ने दुधारू




अजोला इकाई का भ्रमण करते किसान।

पशुओं के लिए किसान स्कूल परिसर में उत्पादन किये जा रहे सदाबहार चारा अंजोला के बारे में जानकारी प्राप्त किया। किसान स्कूल के संचालक ने बताया कि इसी तरह उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग के समाजसेवी शुवेंद्र सेमवाल ने किसान स्कूल का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने किसान स्कूल के सेल्फी जोन में सिर पर खुमरी पहनकर फोटो लिया। केचुआ पालन से लेकर खाद बनाने तक तथा खेती बाड़ी में जैविक खाद का चमत्कार का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर किसान स्कूल के टीम रामाधार देवांगन समेत पशु सखी पुष्पा यादव, रूखमणी पांडेय, गौरी नामदेव, नंदिनी नामदेव, उर्मिला यादव, पिंटू कश्यप विशेष रूप से उपस्थित थे।

### प्रदेश संगठन महामंत्री साय से पाण्डेय ने की सौजन्य भेंट

**चांपा।** पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता अखिलेश कोमल पाण्डेय ने भाजपा प्रवेश के पश्चात प्रांत भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर रायपुर में 19 मार्च को भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश संगठन



महामंत्री पवन साय से शाल एवं श्रीफल अर्पित कर सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर नव भाजपा प्रवेशी युवा नेता आदर्श पाण्डेय भी उपस्थित रहे। भेंटवार्ता में अखिलेश कोमल पाण्डेय एवं आदर्श पाण्डेय ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय से संगठनात्मक कार्यों के अनुरूप कार्यकर्ता निर्माण और उनकी संगठन में भूमिका विषय पर आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन प्राप्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं का समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक प्रचारित कर समस्त जनमानस को अधिकाधिक लाभ दिलाने के लिए प्रयत्नशील रहने की बात कही।

## इफ्तार का आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना : अग्रवाल

**सक्ती।** रमजान महीना के अवसर पर जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल ने भाग लिया। इफ्तार पार्टी में मुस्लिम जमात ने सभी अतिथियों का स्वागत फूल माला पहनाकर किया, जो एकता और भाईचारे का प्रतीक था। उपस्थित लोगों ने इफ्तार के विशेष भोजन का आनंद लिया, जिसमें विभिन्न प्रकार के पकवान शामिल थे।

■ जामा मस्जिद में आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुए नगर पालिका अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में स्थानीय समुदाय की एकता और सद्भावना को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजनों से हम सब मिलकर एक-दूसरे के साथ रह सकते हैं और आपसी समझ को बढ़ावा दे सकते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामूहिकता और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था, और यह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इस अवसर को खास बनाते हुए अपने विचार साझा किए और एकता पर बल दिया। आयोजित इफ्तार पार्टी में नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने सभी उपस्थित व्यक्तियों का दिल से आभार व्यक्त किया। उन्होंने समुदाय के सदस्यों को मतदान में भाग लेने और उन्हें समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा आप सभी के सहयोग से इस चुनाव में जीत मिली है। यह जीत केवल मेरी नहीं, बल्कि हम सभी की है। आपके समर्थन ने हमें आगे बढ़ने की शक्ति दी है। सभी ने मिलकर विकास और प्रगति की दिशा में आगे बढ़ने का संकल्प लिया। श्याम



नगरपालिका अध्यक्ष अग्रवाल का स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग।

सुंदर अग्रवाल ने भविष्य में और बेहतर काम करने का आश्वासन देते हुए सभी को आमंत्रित किया कि वे अपने सुझाव और विचार साझा करें। इफ्तार पार्टी में दिगंबर चौबे, कमलेश अग्रवाल, कमल शर्मा, श्रीकिशन, पवन गोयल, सत्येंद्र महराज,राहुल अग्रवाल,पार्षद वार्ड नंबर 15 रिक्की सेवक,दीनू शर्मा, पार्षद वार्ड 17 ताहिर कवर, पार्षद वार्ड 3 लालू प्रधान, सोनू कुरैशी, महबूब भाई जान,असलम खान, शम्स तमरेज खान,गुलाम मनिहार,तैयब अली रिजवी,लाला खान,नवी गुरुजी, मौलाना नजीब, साजिद खान , गनी मोहम्मद , अज़लाल खान, रज्जब अली ,रज्जाक अली , दानिश अंसारी , इक्बाल खान, नासिर खान , जाहिर अली , तय्यब अंसारी , पिंटू भाई ,बिलाल खान, कासिम खान , आरिफ खान ,काजी खान ,इदरीश भाई, मजीद खान सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं को कानूनी अधिकारों के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदौरखुर्द में 20 मार्च को विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विशेष न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सक्ती श्रीमती गंगा पटेल द्वारा उपस्थित छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकार, पास्को एक्ट, यौन उत्पीड़न से संरक्षण और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से 18 साल से कम उम्र के बच्चों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण और अश्लील सामग्री से सुरक्षा देने पर चर्चा की गई। श्रीमती दिव्या गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा छात्राओं को कानूनी प्रावधानों और मोटर व्हीकल एक्ट एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी, ताकि वे किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या का सामना करने में सक्षम हो सके। कार्यक्रम के प्रारंभ स्वागत प्राचार्य श्री युधिष्ठिर चंद्रा द्वारा एवं मंच संचालन उपप्राचार्य रामचंद्र राठौर द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में सी एस सिदार, विनोद सारथी, रवि सारथी, ज्योति राठौर, कीर्ति वैष्णव, संजीव राज, श्याम राठौर शिक्षकगण कोर्ट स्टाफ दीपेंद्र मधुकर और पैरालीगल वालेंटियर मनीष साहू उपस्थित रहे

**खास बात**

■ ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदौरखुर्द में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित




छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी देती न्यायाधीश।

## गौ विज्ञान परीक्षा का परिणाम घोषित

**जांजगीर-चांपा।** विद्यार्थियों के मध्य गाय का वैज्ञानिक पक्ष सामने लाने के उद्देश्य से आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा 2024 के जिला स्तरीय परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया। प्रदेश के 33 में से 30 जिलों में यह परीक्षा संपन्न हुई। जिला स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार 5100रु, 3100 रु एवं 1100रु प्रदान किए जाएंगे। साथ ही जिले में चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त को गौमय कीट प्रदान किया जाएगा। जिले में प्रथम पांच स्थान प्राप्त सभी विजेता प्रदेश स्तरीय परीक्षा के लिए पात्र होंगे। प्रदेश स्तरीय परीक्षा आगामी 20 अप्रैल रविवार को रायपुर में प्रातः 10 बजे से 12 बजे संपन्न होगी एवं इसी दिन दोपहर 1 से 4 बजे के मध्य आयोजित कार्यक्रम में जिला एवं प्रदेश स्तर के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय आने वालों को क्रमशः 51 हजार रु, 31 हजार रु एवं 11 हजार रु नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। परीक्षा स्थल की सूचना पृथक से दी जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए गौ विज्ञान परीक्षा के प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी, सह प्रमुख मनोज पाण्डेय, मनोज गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष आयोजित परीक्षा के प्रथम चरण में कुल 1 लाख, 1 हजार 551 बच्चों ने पूरे प्रदेश में भाग लिया, जिसमें से 6115 बच्चे द्वितीय चरण में जिला स्तरीय परीक्षा में सहभागी हुए। अब कुल 370 बच्चे तृतीय चरण में प्रदेश स्तरीय परीक्षा में सहभागी होंगे। आगामी 5 अप्रैल से विद्यालय, महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण प्रारंभ किया जाएगा, जो कि उनके विद्यालय स्तर पर वितरित किया जाएगा। गौ विज्ञान परीक्षा के राज्य उप प्रमुख मनोज पाण्डेय ने बताया कि जांजगीर चांपा जिले में तीनों वर्गों में निम्नलिखित विद्यार्थियों ने तृतीय चरण की राज्य स्तरीय परीक्षा में 20 अप्रैल को भाग लेने की पात्रता प्राप्त की है। उपरोक्त सभी चयनित विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। 20 अप्रैल को रायपुर में जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 5100 रुपए, 3100 रुपए तथा 1100 रुपए की राशि प्रदान की जावेगी।




